सत्यमेव जयते

सप्तदश

बिहार विधान सभा

अष्टम सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 25 फाल्गुन, 1944 (श०) / 16 मार्च, 2023 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1)	राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग	01
(2)	लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग	01
	कुल योग --	02

कार्रवाई करना

53. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में पूर्वी चम्पारण सहित 38 जिलों में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 113, उप-स्वास्थ्य केन्द्र 527, आँगनबाड़ी भवन 1163, सामुदायिक भवन एवं महादलित वर्क रोड 738, यात्री प्रतीक्षालय 1834, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय 378, राजीव गाँधी पंचायत मनरेगा भवन 3144, प्रखंड स्तरीय मनरेगा भवन 7347, निर्माण हेतु सरकारी जमीन उपलब्धता के लिये संबंधित अंचलाधिकारी स्तर पर लम्बित होने के कारण भवनों का निर्माण बाधित है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार विशेष अभियान चलाकर राज्य में विभिन्न सरकारी भवनों के निर्माण हेतु राज्य में अंचलाधिकारी स्तर पर लम्बित प्रस्तावों का ससमय निराकरण कराने तथा दोषी अंचलाधिकारी के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

54. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 8 फरवरी, 2023 के अंक में छपी शीर्षक ''सूबे में महज 96 पैकेज्ड वाटर प्लांट के पास लाईसेंस चल रहे है 600 से अधिक प्लांट'' के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बोतलबंद पानी के लगभग 600 से अधिक प्लांट चल रहे हैं, जिनमें से मात्र 96 को ही भारतीय मानक ब्यूरो का लाईसेंस प्राप्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्लांटों द्वारा मानक का पालन नहीं करने और अनुज्ञप्ति नहीं रहने के कारण राजस्व की हानि के साथ हीं आमजनों के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्लांटों को मानक का पालन कराते हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 16 मार्च, 2023 (ई0) ।

पवन कुमार पाण्डेय,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि0स0मु0, 89(एल0ए0), 2022-23-डी0टी0पी0-550